उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड, रायपुर, देहरादून।
दूरभाष/फैक्स–0135–2669658 E-mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांक :– 177 /गोपन/2023–24 दिनांक– 21 सितंबर, 2023

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या 29/उ०अ०से०च०आ०/2020 दिनांक 06.11.2020 के कम में राज्य निर्वाचन आयोग एवं उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में रिक्त सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों के सापेक्ष टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु आयोग की विज्ञप्ति/अधिसूचना संख्या– 175/गोपन/2023–24 दिनांक 20 सितंबर, 2023 द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करते हुए टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा दिनांक 27.09.2023 को निर्धारित की गई है।

अतः राज्य निर्वाचन आयोग एवं उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में रिक्त सहायक समीक्षा अधिकारी, के पदों पर टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 22.09.2023 को आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित कर दिए जायेंगे। संबंधित अभ्यर्थियों की टंकण एवं कम्प्यूटर के तकनीकी ज्ञान की परीक्षा दिनांक 27.09.2023 को डी०डी० कॉलेज, 25 निम्बूवाला गढ़ीकैंट, ब्लॉक–बी, नियर–दून वैली पब्लिक स्कूल देहरादून में आयोजित की जायेगी। परीक्षा तिथि को अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश–पत्र, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो, फोटोयुक्त पहचान पत्र (मूल रूप में) साथ लाना आवश्यक है। टंकण परीक्षा के लिए अभ्यर्थी अपना Keyboard ला सकते है। परंतु अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि उनके Keyboard की Keys में हिंदी अक्षर अंकित (Print) न हो। अभ्यर्थी ऐसा Keyboard लेकर आयें जिसे कम्प्यूटर से USB द्वारा जोड़ा जाये। अभ्यर्थी को Bluetooth/Wireless Keyboard के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

Scanned with OKEN Scann